आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
08

## झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए प्रखंडों में शिविर लगायें: लोकेश मिश्रा

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएमवाइ) के क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 आयु वर्ग की महिलाओं को एक हजार रुपए प्रति माह यानी हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे। इसके लिए प्रखंडों में आवेदन प्रक्रिया तीन से 10 अगस्त, 2024 तक विशेष कैंप के माध्यम से आयोजित किये जायेंगे। इस योजना के आवेदन के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आधार से लिंक्ड आवेदिका का सिंगल बैंक में खाता और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। विशेष कैंप में आंगनबाड़ी सेविका, सीडीपीओ, सीएससी, वीएलइ, बीडीओ, सीओ समेत अन्य पदाधिकारियों की भूमिका और उत्तरदायित्व पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

### विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने की विधानसभा में पहल

# शहरी नगर निकायों में दैनिक कर्मी और संविदा पर कार्यरत कर्मियों का मुद्दा उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने विधानसभा सत्र के दौरान बुधवार को झारखंड सरकार, नगर विकास और आवास विभाग से शहरी नगर निकायों में दैनिक कर्मी और संविदा पर कार्यरत कर्मियों से संबंधित मामला उठाया। विधायक ने लिखित रूप से जानना चाहा कि विभिन्न शहरी निकायों में दैनिक और संविदा कर्मी को बहाल कर इन्हें सरकार बाहर का रास्ता सरकार दिख रही है, जिसके कारण उनके समक्ष भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो रही है। साथ ही जो संविदा कर्मी और दैनिक कर्मी हैं, उन्हें उम्र के इस पड़ाव में आकर नया रोजगार ढूंढना संभव नहीं है।

विधायक ने पूछा कि जो 10 वर्षों से दैनिक कर्मी और संविदा कर्मी कार्य कर चुके हैं, उन्हें सरकार स्थायी करने का विचार रखती है और यदि हां तो कब तक लिखित रूप से जवाब देते हुए नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री ने बताया कि विभिन्न शहरी निकायों के विभिन्न पदों पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के आलोक में नियुक्ति की जा रही है। 10 वर्षों से कार्य कर रहे दैनिक कर्मी और संविदा कर्मी को नहीं हटाया गया है। साथ ही नगर पंचायत खूंटी में 10 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। संविदा कर्मी और दैनिक कर्मी को भी नहीं हटाया गया है। स्थायी करने के विषय में सरकार ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों में अनियमित रूप से नियुक्त और कार्यरत योग्य कर्मियों की सेवा नियमितकरण के लिए निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय की अध्यक्षता में समिति गठित है। उस समिति द्वारा संबंधित निकायों से विधिवत प्रस्ताव और साक्ष्य के आधार पर कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या 1348, दिनांक 13 /12 /2015 को अधिसूचित झारखंड सरकार के अधीनस्थ अनियमित रूप से नियुक्त और कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमित कारण नियमावली 2015 के आलोक में नियमितीकरण की अनुशंसा की जाती है।

# सविता महतो ने अनियमित बिजली आपूर्ति का मामला शून्यकाल में रखा

**विधायक ने सदन पर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में तमाड़ ग्रिड से नीमडीह, चांडिल, ईचागढ़ और कुकड़ू प्रखंड में प्रतिदिन 2 से 3 मेगावाट विद्युत आपूर्ति होता है, जो क्षेत्र में खपत की दृष्टिकोण से काफी कम है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के शून्य काल में ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अनियमित बिजली आपूर्ति का मामला को रखा। इस दौरान विधायक ने सदन पर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में तमाड़ ग्रिड से नीमडीह, चांडिल, ईचागढ़ और कुकड़ू प्रखंड में प्रतिदिन 2 से 3 मेगावाट विद्युत आपूर्ति होता है, जो क्षेत्र में खपत की दृष्टिकोण से काफी कम है। प्राय सुबह और शाम में लोड सेटिंग होती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के जीवन बाधित होते हैं, साथ ही हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बिजली की लोग सेटिंग (अंधेरे) से लोग जंगली हाथियों से जान माल की क्षति से भय व्याप्त रहता हैं। साथ ही संपूर्ण क्षेत्र में बिजली के पोल तार एवं इंसुलेटर की भी कमी के कारण भी परेशानियां हो रही है। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से लोकहित और जनहित में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 3 से 4 मेगावट और अतिरिक्त बिजली आपूर्ति और बिजली के पोल, तार, इंसुलेटर और ईचागढ़ प्रखंड के मिलन चौक में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण की मांग की।

## आजसू पार्टी ग्राम प्रभारियों की बैठक आयोजित



सिकिदीरी (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी चाडू गांव में पार्टी संगठन को मजबूत करने हेतु ग्राम प्रभारी बीरेंद्र महतो की अध्यक्षता में हेसातु में पंचायत प्रभारी किरण देवी की अध्यक्षता में ग्राम प्रभारियों का बैठक किया गया। ये दोनों बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव उपस्थित थे। लोगों को संबोधित करते हुए पारसनाथ उरांव ने कहा कि आजसू पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है, और लोग विकास के लिए बदलाव भी चाहते हैं। ये बदलाव 2024 विधानसभा चुनाव में पार्टी के चुल्हा प्रमुख और ग्राम प्रभारी लेकर आयेंगे। जो शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय पर अधारित होगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य प्रकाश चौधरी, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ महतो, जयलाल करमाली, मनोज महतो, मनोहर महतो, प्रीतम महतो, कपिल महतो, राजेंद्र महतो, सुरंती देवी, सीता देवी, चनो देवी, मुकेश महतो,रमेश महतो, उपेन्द्र महतो, उमाशंकर महतो, दीपक महतो, बबीता, आरती, हीरालाल, अमन, सुनिता, समी देवी रीना देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें: उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, अस्पतालों में साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जाये। ये बातें उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहीं।

समाहरणालय खूंटी के सभागार में उपायुक्त स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। डीसी ने कर्रा और तोरपा एमओआइसी के कार्यों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कर्रा, तोरपा समेत अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक उपस्थित नहीं रहने की शिकायत प्राप्त होती है, जो काफी लापरवाही का विषय है। सभी संबंधित एमओआइसी यह सुनिश्चित करें कि उनके स्वास्थ्य केंद्रों में अनिवार्य रूप से चिकित्सक उपलब्ध रहें। सभी का ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज हो और नियमानुसार प्रतिदिन के रोस्टर का निर्धारण किया जाये, जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को इलाज कराने में समस्या न हो। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बिना किसी कारण के सामान्य मामलों को चिकित्सक रेफर न करें, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर से संभव इलाज को प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही करें, जिससे मरीजों को सदर अस्पताल का चक्कर लगाना न पड़े। सभी चिकित्सक इस बात का विशेष ख्याल रखें। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त सिविल सर्जन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी एमओआइसी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने खलारी प्रखंड का किया दौरा

**पर्यटन के विकास के लिए तलाशी गयी संभावनाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** पर्यटन विभाग के द्वारा खलारी प्रखंड के खलारी और मैकलुस्कीगंज में पर्यटन विकास के लिए संभावनाओं की तलाश की गई। इसे लेकर पर्यटन विभाग के असिस्टैंट कलक्टर आदित्य पांडेय, जिला पर्यटन विशेषज्ञ रोशन कुमार सहित ज्रेडा के लोग खलारी आये हुए थे। खलारी के बीडीओ संतोष कुमार व सीओ प्रणव अम्बष्ट के साथ पूरी टीम ने खलारी, मैकलुस्कीगंज में पर्यटन विकास से संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया। पर्यटन की टीम खलारी का प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर पहुंची। मालूम हो कि पहाड़ी मंदिर खलारी रांची जिला के पर्यटन सूची में है। निरीक्षण के बाद बताया कि पहाड़ी मंदिर परिसर में ज्रेडा की ओर से सोलर प्लेट लगायें जायेंगे। इसके अलावा हाई मास्क लाइट, स्ट्रीट लाइट आदि लगाया जायेगा। इस दौरान पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव दिनेश पांडेय ने पर्यटन विकास की और भी संभावनाओं का सुझाव दिया। टीम की ओर से कहा गया कि चीजों को लिखकर दें। मैकलुस्कीगंज में डेगाडेगी, वाच टावर, जागृति विहार, डाक बंगला, पर्यटन सूचना केंद्र सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि विभाग वैसे कार्यों को प्राथमिकता देगी जिससे अधिक से अधिक पर्यटक यहां आयें और उन्हें हर तरह की सुविधा दी जा सके। ज्रेडा के लोगों को केडी हिन्दूगढ़ी चौक और बुकबुका पंचायत सचिवालय के निकट लंबे समय से अधूरा पड़े सोलर संचालित हाई मास्क लाइट टावर को पूरा कराने कहा गया। इसे लेकर सकारात्मक आश्वासन मिला है। स्थल निरीक्षण में असिस्टैंट कलक्टर आदित्य पांडेय, जिला पर्यटन विशेषज्ञ रोशन कुमार, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ प्रणव अंबष्ट, ज्रेडा से त्रिपुरा शर्मा के अलावा असीत सिंह, आदित्यनाथ झा आदि मौजूद थे।

## हुमटा-बारुहातू जानेवाली सड़क काफी जर्जर



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड के कॉलेज मोड़ से हुमटा-बारुहातु जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गया है। रास्ते पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है, जिसमें पानी भरा रहता है और नुकीले पत्थर जान जोखिम में डाल रहे हैं। यह सड़क वर्ष 2017 में करोड़ों की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी थी। सड़क दो प्रखंड राहे और अनगड़ा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है, इस सड़क पर लोगों का आना-जाना हमेशा रहता है। सड़क पर गड्ढे हो जाने से आये दिन छोटी बड़ी दुर्घटना होते रहती है। सड़क को लेकर जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद ने आज तक इस सड़क की मरमती कार्य पर ध्यान नहीं दिया है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## खूंटी बाईपास सड़क का शिलान्यास महज चुनावी स्टंट था : दिलीप मिश्रा

खूंटी (आजाद सिपाही)। झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा द्वारा लोकसभा में खूंटी बाईपास का निर्माण यथाशीघ्र करने का मुद्दा उठाये जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सांसद की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि खूंटी की जनता आए दिन जाम से परेशान है। बाईपास के निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राएं, खूंटी के नागरिक, महिलाएं, किसान, बच्चे, व्यापारी सभी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं। खूंटी की जनता परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पूर्व सांसद खूंटी के साथ तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और खूंटी के विधायक पूर्व मंत्री नीलकंठ मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा और रांची के सांसद संजय सेठ की उपस्थिति में परिवहन मंत्री भारत सरकार द्वारा पूरे तामझाम से खूंटी बाईपास सहित तीन अन्य सड़कों का भी ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि ठीक लोकसभा चुनाव के पहले बाईपास सड़क का शिलान्यास कहीं सिर्फ चुनावी स्टंट तो नहीं था।

# दो सूत्री मांगों को लेकर पंचायत सचिवों ने खूंटी में दिया धरना

**मूल ग्रेड पे 2400 रुपये करने और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के पद पर 25 फिसदी आरक्षण देने की मांग शामिल हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर खूंटी जिले के पंचायत सेवकों ने बुधवार को समारणय के समक्ष धरना दिया। पंचायत सचिवों की दो मांगों में मूल ग्रेड पे 2400 रु करने और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के पद पर 25 फिसदी आरक्षण देने की मांग शामिल हैं। इस संबंध में संघ के जिला मंत्री मालदेव राम ने बताया कि उनकी मांगों शेष प्रोन्नति वरीयता के आधार पर देने की मांग की गयी है। उन्होंने आरक्षित 25 फीसदी पद पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में तीन बार अवसर देते हुए रिक्त स्थानों को भरने की मांग की है। धरने में संघ के जिला मंत्री मालदीव राम जिला अध्यक्ष तियू पियूष तिर्की, इंद्रनाथ महली, सोबरन राम कांशी, गोपाल गोप, दिना साहू, पंचानन रजक, राजकुमार सिंह, जगरनाथ पूर्ति, वीरेंद राम सिंह, सोमेश्वर कांशी नित्यानंद महतो, विश्वनाथ सिंह, पुरुषोत्तम प्रमाणिक आदि शामिल थे।

# मजदूरों की सुख-सुविधा पर हमला बर्दाश्त नहीं : सुदिप्त

**पिपरवार के अशोक परियोजना में सीटू के द्वारा गेट मीटिंग का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में बुधवार की सुबह एनसीओईए सीटू के बैनर तले गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता गुरूदयाल सिंह और संचालन क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी ने किया। इस गेट मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप मे अखिल भारतीय सीटू के महासचिव सुदीप्त दत्ता उपस्थित थे। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए महासचिव सुदीप्त दत्ता ने कहा कि कोल इंडिया मे संचालित नयी और पुराने खदानो को पूंजी पतियों को दे दिया जा रहा है, जिसके कारण मजदूरों के सुख और सुविधा पर हमला किया जा रहा है। वर्तमान मे एमडीओ और रिवेन्यू सेविंग मोड में खदान खोला जा रहा है, जिससे मजदूरों को काफी नुकसान हो रहा है। खदान क्षेत्र से प्रभावित रैयत ग्रामीण, विस्थापित और जमीन मालिकों को उनके हक और अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। वर्तमान की केंद्र सरकार नये-नये कानून लाकर मजदूरों को नुकसान और पूंजी पतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। जिसे ऑल इंडिया सीटू बर्दाश्त नहीं करेगी। यूनियन ने मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर तरीकों से विरोध करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की जन विरोधी नीति, मजदूर विरोधी नीति, श्रम कानून में परिवर्तन, चार लेबर कोर्ड लागू करने, वन टाइम इंपलाईमेंट के खिलाफ सीटू के द्वारा आने वाले समय में जोरदार आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने सभी कोयला मजदूरों को एकजुट होकर आंदोलन को तेज करने की अपील की। गेट मीटिंग में मुख्य रूप से एनके एरिया के क्षेत्रीय सचिव शैलेश कुमार, मगध एरिया के क्षेत्रीय सचिव गणेश कुमार, अजय मुंडा, मोहम्मद रियाज, बिनोद कुमार, धनेश्वर गंझु, नसीब मियां, मोहम्मद जसीमुद्दीन, निजाम अंसारी, रामू महतो, अजय कुमार, विजय केसरी सहित कई मजदूर उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने बालू ले जा रहे हाइवा को पकड़ प्रशासन के हवाले किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालू तस्करी रोकने को लेकर हुई थी ग्रामसभा**

उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर बालू के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण रोकने के लिए सीओ पूजा बिन्हा की मौजूदगी में उकड़ीमाड़ी बाजार टांड में ग्रामसभा हुई थी। ग्रामसभा में ग्रामीणों ने बालू का परिवहन रोकने के लिए अपनी सहमति जताई थी। सीओ ने कहा था कि ग्रामीण सूचना दें, तो प्रशासन निश्चित कार्रवाई करेगा।

**खूंटी।** एनजीटी की रोक और प्रशासन के कथित प्रयास के बाद भी जब तोरपा, कर्रा, जरियागढ़ थना क्षेत्रों में बालू की तस्करी नहीं रुकी, तो बालू के अवैज्ञानिक और अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ खुद ग्रामीणों को आगे आना पड़ रहा है। बालू के अवैध उत्खनन तथा परिवहन के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद होने लगे हैं। मंगलवार कीरात तोरपा प्रखंड की उकड़ीमाड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने बालू लदे चार हाइवा सहित एक दर्जन हाइवा को पकड़कर प्रशासन के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात को उकड़ीमाड़ी पंचायत के ग्रामीण हाथी भगाने निकले थे। उसी दौरान उकड़ीमाड़ी तथा गिड्डम के बीच हाइवा को बालू का उठाव करते देखा। ग्रामीण एकजुट हुए तथा सभी हाइवा को रोक दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तोरपा की अंचलाधिकार पूजा बिन्हा को दी। सूचना पाकर सीओ पूजा बिन्हा थाना प्रभारी प्रभात रंजन पाण्डेय के साथ रात में ही तत्काल घटनास्थल पहुंचे। प्रशासन के पहुंचने तक ग्रामीण सभी हाइवा को घेरकर पहरेदारी कर रहे थे। सीओ और थाना प्रभारी सभी हाइवा को जब्त कर थाना ले आये।

चार हाइवा पर बालू लोड था। एक हाइवा पकडे जाने पर तत्काल बालू वहीं पर गिराकर डंप कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बालू के अवैध उत्खनन से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाइवा के परिचालन से गांव आने-जाने का रास्ता खराब हो गया है। बरसात में यह चलने लायक नहीं है। इसके अलावा नदी का जलस्तर नीचे चला गया है, नदी में पर्याप्त पानी नहीं है। सभी हाइवा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज ग्रामीणों द्वारा पकड़कर प्रशासन को सौंपे गये 12 हाइवा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस हाइवा मालिकों का पता लगाने में जुट गयी है। जो हाइवा पकडे गये हैं उनमें जेएच01इबी 8742, जेएच01इबी 3035, जेएच 01बीआर 6685, जेएच 19बी, जेएच 01सीके 7436, जेएच 01एफइ 8511, जेएच 01 एफइ 2258, जेएच 019बी 8580, जेएच 01बी 8531, जेएच 01ए 8897, जेएच 01डी 6403 शामिल हैं। तीन हाइवा में नंबर प्लेट नहीं लगा था। इसका संचालन बिना नंबर प्लेट के ही किया जा रहा था।

एनजीटी की रोक के बावजूद हो रहा उत्खनन एनजीटी ने 15 अक्टूबर तक बालू उत्खनन पर रोक लगा दी है। ग्रामीण बताते हैं कि एनजीटी की रोक के बावजूद क्षेत्र में कई जगहों से बालू का उठाव हो रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि सबसे ज्यादा कारो तथा छाता नदी से बालू का उठाव होता है। बालू उठाव के कारण जंगल और गांव का रास्ता बालू से भर गया है। इसके कारण ओ दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक घायल

**तेज रफ्तार कोल वाहन ने बाईक सवार को मारा टक्कर, आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता


मृतक कलीम की फाइल फोटो।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर-टंडवा मुख्य मार्ग के मंडेर गांव के पास बुधवार को भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। यह घटना तेज रफ्तार कोल वाहन के कारण हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची के नेजाम नगर हिंदपीढ़ी निवासी 28 वर्षीय मोहम्मद कलीम और 34 वर्षीय मोहम्मद सद्दाम अपने मोटरसाइकिल जेएच01डीई-2984 से टंडवा की ओर जा रहा था। इसी बीच कल्याणपुर-टंडवा मुख्य मार्ग के मंडेर गांव के समीप तेज रफ्तार से आ रही कोल वाहन जेएच02बीएन- 0625 ने बाईक को चपेट में ले लिया। घटना के बाद बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया। लेकिन रांची ले जाने के दौरान घायल मोहम्मद कलीम की मौत हो गयी। वहीं घायल मोहम्मद सद्दाम की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। बताया गया कि तेज रफ्तार कोल वाहन टंडवा के मगध कोल परियोजना से कोयला लेकर मोनेट कोल वाशरी जा रहा था। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। इधर घटना की सूचना पाकर कांग्रेस चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, सिमरिया के पूर्व विधायक प्रत्याशी जितेंद्र कुमार, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, जिला परिषद टण्डवा दक्षिणी नेहा उरांव, सुबहान अंसारी, हाजी जसीम मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं घटना की सूचना पाकर टंडवा पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और आगे की कारवाई शुरू कर दी है। पुलिस के द्वारा ग्रामीणों को समझाने का काम किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# भाजपा में विस चुनाव के टिकट के लिए प्रत्याशियों की शुरू हुई लॉबिंग

सतीश ठाकुर










**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव की घड़ी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे टिकट की दावेदारी को लेकर सभी राजनीतिक दलों के बीच घमासान भी शुरू हो गयी है। ऐसे में पार्टी के साथ ही नेता भी तैयारी में जुटे है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के नेता अभी से टिकट की जुगाड़ में जुट गए है। कोई प्रत्याशी दिल्ली में कैंप कर रहा, तो कोई अपनी लॉबी ढूंढ रहा है। वहीं, कई प्रत्याशी जातीय समीकरण भी ढूंढ रहे है। टिकट पाने के लिए कई नेता एक-दूसरे को कमजोर साबित करने में भी जुटे है। सबसे अधिक खिजरी विधानसभा के लिए नामकुम, अनगड़ा व ओरमांझी से टीकट की चाह में प्रत्याशी जोर लगा रहे है। जिसमें अनगड़ा के रहने वाले सह खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, बरगांवा पंचायत क्षेत्र की रहने वाली पूर्व जिप सदस्य, बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, लालखटंगा पंचायत के लालखटंगा गांव निवासी पूर्व मुखिया सह पूर्व मास्टर ट्रेनर पंचायती राज रितेश उरांव, अनगड़ा के बीसा पंचायत में रहने वाले जनजाति सुरक्षा मंच के रांची जिला संयोजक सह भाजपा नेता उमेश बड़ाईक, खिजरी गांव में रहने वाले पूर्व मुखिया सह जिप सदस्य रामवतार केरकेट्टा, लोवाडीह के महिलौंग नयाटोली में रहने वाले भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, ओरमांझी के बारीडिह गांव में रहने वाले भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मानकी मुंडा, अनगड़ा बीसा पंचायत के बेती गांव में रहने वाले भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, टाटीसिलवे के सिलवे पंचायत में रहने वाली मुखिया सह भाजपा नेता नूतन पाहन, अनगड़ा की रहने वाली जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, रांची की रहने वाली वार्ड पार्षद रोशनी खलखो आदि का नाम शामिल है।

## पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को पौधा लगाना होगा: दीपक बड़ाइक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चकला राजकीयकृत मध्य विद्यालय में आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाईक और आर्ट ऑफ लिविंग के प्रखंड हेड दीनदयाललोहरा की ओर से जामुन, गम्हार, शीशम, कोयनार आदि के दर्जनों पौधे स्कूल को दिया। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक बड़ाईक ने कहा कि आज जिस प्रकार से पर्यावरण दूषित हो रहा है उससे आने वाला पीढ़ी भी खतरे में है। इसे बचाने के लिए हम सभी को पेड़ पौधा लगाना होगा। इसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है। पौधारोपण मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक बड़ाईक, मुखिया शिवनाथ मुण्डा, आर्ट ऑफ लिविंग के दीनदयाल लोहार, मुंडा, मुन्नी देवी, बबिता देवी, शिक्षक संघ के प्रखंड प्रखंड सतीश बड़ाईक, कुमारी किरण माला, आशा कुमारी, निर्मला कुजूर, संगीता कुमारी, दिनेश शर्मा आदि ने किया।

## विशेष मतदाता आभियान दिवस को लेकर बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ दीपाली भगत की अध्यक्षता में 27 जुलाई से 04 अगस्त तक चलने वाले विशेष मतदाता अभियान दिवस को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिसमें बूथ संख्या 98 से लेकर बूथ 154 तक के सभी 56 बीएलओ ने भाग लिया। बैठक में बीएलओ ने 27 जुलाई से अबतक मतदान केंद्रों में विशेष मतदाता दिवस के तहत फॉर्म 6 (नए मतदाता), फॉर्म 7 (विलोपित मतदाता) और फॉर्म 8 (सुधार किए गए मतदाताओं) के साथ ही आदिम जनजाति पंजीकरण, दिव्यांग पंजीकरण के संबंध में जानकारी दी। साथ ही गुरुवार को 85 वर्ष के व्यक्तियों का पंजीकरण, तीन और चार अगस्त को मतदान केंद्रों में होने वाले विशेष मतदाता दिवस से संबंधित कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। इस पर बीडीओ ने सभी बीएलओ को विशेष निर्देश देते हुए कार्य में प्रगति लाने और समय पर कार्य पूरा करने को कहा। इस मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक हरिनाथ पांडे, निर्वाचन कंप्यूटर ऑपरेटर रवि भगत आदि थे।

## कांके में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें विभाग : तनवीर



**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके के शहरी क्षेत्र व 32 पंचायतों में बिजली व्यवस्था को बिजली विभाग सुचारू कर दुरुस्त करे। ऐसा नहीं करने पर ग्रामीणों और छात्र- छात्राओं के साथ मिलकर कांके विद्युत सब स्टेशन का घेराव किया जाएगा। उक्त बातें क्षेत्र के आजसू नेता सह समाजसेवी तनवीर आलम ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौनी जारी है। 24 घंटे में मात्र 6 से 7 घंटे ही बिजली की आपूर्ति हो रही है। बाकी समय कटौती की जा रही है। सरकार भी राज्य की जनता को बताये कि आखिर बिजली की कटौती क्यों की जा रही है। क्षेत्र के बहुत से युवा और छात्र-छात्राएं परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। बिजली नहीं रहने से इनके पठन-पाठन पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में स्थित कई अस्पतालों में शल्य चिकित्सा का कार्य नहीं हो पा रहा है। किसानों की सिंचाई सुविधा पर भी बुरा असर पड़ा है। बिजली नहीं रहने के कारण क्षेत्र की दुकानें भी शाम ढलते ही बंद हो जा रही हैं। इसलिए आम जनता के हित में विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए।

## मृतक के परिजनों से मिले विधायक और पूर्व मंत्री

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तरंगा नवाघर निवासी मृतक सुखदेव उरांव के परिवार से मिलने बुधवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की पहुंचे थे। दोनों नेताओं ने परिजनों को सांत्वना के साथ ही आर्थिक सहायता भी प्रदान किया। बताते चलें कि सुखदेव उरांव नामक व्यक्ति काफी लंबे समय से बीमार थे। जिनकी बुधवार की सुबह मौत हो गई। वे कांग्रेस के सक्रीय कार्यकर्ता थे। इस इवसर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है। इनके दुःख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी कहीं भी जरूरत पड़े तो आप लोग बेहिचक बताएं। हम आप लोग की मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। इस मौके पर अनूप सिंह, कुलदीप उरांव, अनिल उरांव, असरफ खान और फैजान आलम आदि उपस्थित थे।

# मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक विवाद

## भरण पोषण के लिए दंपति ने अपने ही बेटों पर किया था मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची मध्यस्थता केंद्र में उपस्थित वाद-विपाद पक्ष और डालसा सदस्य।

**अनगड़ा।** रांची मध्यस्थता केंद्र में बुधवार को पारिवारिक वाद को अधिवक्ता मध्यस्थ विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव, प्रथम पक्ष के अधिवक्ता अंजनी कुमार सिन्हा व द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता गोपोश्वर महतो के संयुक्त प्रयास से सुलझा लिया गया। यह वाद कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एसएस फातमी के न्यायालय से रांची मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थता के लिए आया था। उक्त भरण-पोषण वाद संख्या ओएम 198/2024 को अधिवक्ता मध्यस्थ विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव व प्रथम पक्ष के अधिवक्ता अंजनी कुमार सिन्हा व द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता गोपोश्वर महतो के प्रयास से सुलझाया गया। यह वाद डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव को सुलझाने के लिए निर्देशित किया था। बतातें चलें कि उक्त वाद में प्रथम पक्ष भुनेश्वर राम एवं उनकी पत्नी उर्मिला देवी ने भरण-पोषण के लिए अपने पुत्र कृष्ण कुमार राम एवं प्रेम कुमार राम के उपर वाद दायर किया था। प्रथम पक्षगण ने अपने दोनों पुत्रों को घर से निकाल भी दिये थे। जब यह बात अधिवक्ता मध्यस्थ विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव के पास आया, तो दोनों पक्ष के लोग उपस्थित हुए और आपस में बातचीत किये। इस अवसर पर अधिवक्ता मध्यस्थ विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव की ओर से उचित मार्गदर्शन दिया गया, जिसे प्रथम पक्ष ने अपनी सहमति देते हुए अपने दोनों पुत्रों को पुनः अपने घर में वापस रखने को तैयार हुए और द्वितीय पक्षगण यानि प्रथम पक्ष के पुत्र मध्यस्थत विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव द्वारा सुझाये गये मार्ग पर सहमत होते हुए दोनों पुत्र अपने माता-पिता को प्रति माह 7 हजार रुपए भरण-पोषण देने के लिए तैयार हो गये। दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हुए कि घर के उपर कुछ अंश बना हुआ है, जिसपर ढ़लाई नहीं हुआ है। उसको प्रथम पक्ष के पुत्र मिलकर उसका निर्माण करेंगे और उसे प्रथम पक्षगण रेंट पर देंगे। उससे जो भी आय होगा उससे वह अपना भरण-पोषण करेंगे। यदि सबकुछ सही रहा तो प्रथम पक्ष अपने दोनों पुत्रों को माफ करते हुए 7 हजार रुपए का भरण-पोषण भी अपने इच्छानुसार छोड़ सकते हैं। इस अवसर पर दोनों पक्षों को डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने उनके सुखमय पारिवारिक जीवन व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## लापुंग में मानसून की बारिश के बीच धनरोपनी शुरू

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को बारिश से मानसून सक्रिय हो गया है। किसान अब धान के अलावे मडुआ की रोपनी भी शुरू करेंगें। बतातें चलें कि इस दिन अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक जमकर बारिश हुई। जिससे खेत व नदी-नाले पानी से लबालब भर गये। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे और तुरंत धानरोपनी शुरू कर दिये। बारिश नहीं होने से किसान धान की रोपनी नहीं कर पा रहे थे।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर उषा मार्टिन की पहल

# महिलाओं के विकास से ही संभव होगा उज्जवल भविष्य: श्रेया झवर

## गांव की 200 से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता




### महिला सशक्तिकरण के लिए श्रेया झवर सम्मानित

**झारखंड सरकार के उद्योग विभाग द्वारा संचालित मिनी टूल रूम प्रशिक्षण केंद्र की ओर से श्रेया झवर को वुमन इंपावरमेंट के लिए सम्मानित किया है। इस अवसर पर प्राचार्य एमके गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन को नई ऊंचाईयों पर ले जाने की दिशा में कई पहल की गयी है। इसमें गांवों की महिलाओं को पहचान, प्रतिष्ठा व सशक्तिकरण की दिशा में जो पहल की गयी है। उसमें श्रेया झवर का अहम भूमिका है। उनके विजन को गांवों में उतारा जा रहा है। यह सराहनीय कदम है।**

**अनगड़ा।** उषा मार्टिन के निदेशक (रणनीति व विकास) श्रेया झवर ने कहा कि समाज का भविष्य कैसा बनाना चाहते हैं, यह महिलाओं के विकास से ही निर्धारित होगा। आधी आबादी को सशक्त बनाकर ही गांव और समाज को विकसित किया जा सकता है। वह बुधवार को मिनी टूल रूम में फॉउंडेशन की ओर से आयोजित टेलरिंग एवं फैशन डिजाइनिंग कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर बोल रही थी। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभी तक 200 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को टेलरिंग, टैली और ब्यूटिशियन कोर्स का प्रशिक्षण कराया जा चुका है। इसके अलावा 141 महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं 50 से अधिक महिलाओं को नकदी फसल से जोड़ा गया है। श्रेया झवर ने कहा कि नारी शक्ति को अपनी क्षमता की पहचान करनी होगी। चौखट से बाहर निकलकर प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास करना होगा। ताकि वह एक साथ घर और बाहर की दोहरी भूमिका को सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके। कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन के माध्यम से टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के गांवों की महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण एव कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सके। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि गांवों में विकास के अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं, ताकि उन्हें स्वावलंबी बनाया जा सके। समग्र विकास की अवधारणा को विभिन्न आयामों के माध्यम से गांवों में धरातल पर उतारा जा रहा है। प्राचार्य एमके गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन के सौजन्य से ऐसे प्रशिक्षण के कार्यक्रम से गांवों के युवाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। इस कोर्स को करने के बाद न केवल युवा हुनरमंद बनेंगे, बल्कि आय संवर्द्धन कर आत्मनिर्भर भी होंगे। मंच संचालन मंगल टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष मिश्रा ने किया। इस मौके पर सचिंद्र कुमार, देवाशीष घोष, वरुण कुमार, स्नेहा, प्रिया बागची, मोनीत भूतकुंवर, राहुल उरांव आदि उपस्थित थे।

### 300 ग्रामीण को स्वरोजगार से जोड़ा

वहीं, अब तक 300 से अधिक ग्रामीणों को खेती-बारी, मशरूम, मछली एवं मुर्गी पालन से एवं स्वरोजगार से जोड़ा गया है। 150 से अधिक ग्रामीणों को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण, प्लंबर, मोटरसाईकिल सर्विसिंग, टैली का प्रशिक्षण दिलाया गया है। प्रगतिशील किसानों को नकदी फसल लगाने का ट्रेनिंग दिया गया है। इसके अलावा अभी फूड एंड विबरेज एवं बाइक रिपेयरिंग का कोर्स चलाया जा रहा है, जिसमें गांव के युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खाली आवास से अधेड़ का शव बरामद

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के समीप खाली पड़े मकान से बुधवार को 50 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक भीख मांग कर गुजारा करता था। खाली मकान के बरामदे में सोया था। उसके शरीर मे कोई हरकत नहीं होता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था। संभवतः इसी से उसकी मौत हुई होगी।

### मुखिया संघ के नये प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सोमा मुंडा मुखिया संघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। बुधवार को भाजपा नेता उमेश बड़ाइक नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सोमा मुंडा के घर पहुंचे और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उमेश बड़ाइक ने कहा कि इनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और मुखियाओं को उनका हक अधिकार और सम्मान मिल सकेगा।

### वज्रपात से मारे गये युवक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुरसा पंचायत के बसगी गांव में मंगलवार को वज्रपात से नीरज उरांव नामक युवक की मौत हो गयी थी। इसकी सूचना पाकर भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने बुधवार को उसके गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार के परिजनों से मुलाकात की। इस दनि अंतिम संस्कार गांव के मसना में किया गया। जिसमें सन्नी टोप्पो भी शामिल हुए। उन्होंने मृतक को मिट्टी दी व परिवार को मदद का आश्वासन दिया।

### लापुंग झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की ओर से फानांसियल लिटारसी कैंप का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की ओर से महिला प्रशिक्षण केंद्र भवन परिसर में बुधवार को फाइनेंसियल लिटारसी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे एक मैजिक शो के माध्यम से बैंक में दी जानी वाले सुविधाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गयी। साथ ही लोगो को बैंक फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गयी। मौके पर प्रबंधक पूर्णिमा कुमारी, कमलेश नारायण तिवारी, बैंक साथी नंदी बारला, सीएसपी जसपाल साहू आदि उपस्थित थे।

## बारिश से किसानों में जगी उम्मीद, धनरोपनी शुरू



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मौसम की बेरुखी और इस साल पड़ी कड़ाके की गर्मी के कारण खेत खलिहान सूखे पड़े थे। वर्षा नहीं होने से किसान परेशान थे। हालांकि प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों पर पिछले दो दोनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों में उम्मीद जगी है। वे पिछले दो दिनों से अपने-अपने खेतों को तैयार करने में जुटे हुए हैं। वहीं प्रखंड के खुखरा, पांडेपारा सहित कई गांवों में मंगलवार की रात हुई वर्षा के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी देखी गई। खेतों में पानी जमने से प्रसन्न किसान बुधवार की सुबह धान की रोपनी में जुट गए। उनका मानना है कि यह वर्षा धान की रोपनी में काफी लाभदायक होगी। किसान खेत में वर्षा के पानी लगने के साथ ही खेतों की जुताई के बाद धान की रोपनी में जुट गए हैं। नगड़ी टोली गांव के किसान पवन व चंदन ने बताया कि समय से धान की रोपाई पर ही पूरे वर्ष की खेती निर्भर रहती है। वहीं, वर्षा के बाद अब कृषि कार्य जोर पकड़ लिया है। खेतों में किसानों में चहल-पहल बढ़ गई है। किसान बिचड़ा के साथ खेतों में पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि वर्षा अगर इसी तरह होती है तो रोपाई कार्य काफी तेजी शुरू हो जाएगा।

# श्रावण पूर्णिमा पर घघारी मंदिर में होगा भव्य मेला का आयोजन

आजडाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के देवगांव गांव में प्रकृति की गोद में बसे प्राचीन घघारी शिव मंदिर स्थित घघारी बाबा भक्तों की मन्नत पूरी करते है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता मंत्र मुक्त करने वाली है। अपने अनुपम दृश्यों व आध्यात्मिक को लेकर बेड़ो व लापुंग प्रखंड क्षेत्र के साथ ही कई जिलों में भी ख्याति प्राप्त है। यहां सैलानियों के लिए बना नया फुट ब्रीज के अलावा प्राचीन शिवलिंग है, जो तीन खंडों में बंटा हुआ है। इसके अलावा यहां हनुमान मंदिर, दुर्गा और पार्वती माता का भी मंदिर है। बारिश के मौसम में यहां झरने से गिरता हुआ पानी काफी मनमोहक होता है। मानसून काल में जब पहाड़ियां हरे पतियों का श्रृंगार करती है। तो दृश्य अत्यंत अलौकिक अद्भुत एवं अकल्पनीय नजर आता है। इस वर्ष सावन पूर्णिमा के अवसर पर पहली बार घघारी बाबा धाम समिति की ओर से एक दिवसीय भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। घाघरी बाबा धाम समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप ने बताया कि मेला के बेहतर आयोजन के लिए बैठक में विचार मंथन के बाद कई निर्णय लिए गए। सावन पूर्णिमा सोमवार के दिन मेला के साथ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन व मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। भंडारा का भी आयोजन होगा। मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में स्वयंसेवक तैनात किए जाएंगे। वहीं, मेले को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहु, पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, राजधन शेखर सिंह, भुवन महतो, मनोज उरांव, श्याम लाल शेखर सिंह, संजय महतो पुजारी रामशंकर पाठक जितु पाठक, विजय महतो, हिरालाल शेखर सिंह, राम सेवक सिंह, सुनील उरांव और दुर्गा सिंह आदि ग्रामीण लगे हैं।

## पत्रकार के परिवार पर हुए जानलेवा हमले की निंदा, दोषियों के गिरफ्तारी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** अनगड़ा के पत्रकारों की एक बैठक बुधवार को होटल राजधानी में हुई। जिसमें रातू के पत्रकार शेख मुजीबूल के परिवार पर हुए जानलेवा हमला एवं दुकान में तोड़ फोड़ किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की गई। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। कहा कि पुलिस प्रशासन सभी पत्रकारों एवं उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करे। लगे हाथ पत्रकारों ने हमलावरों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन से की। इस दौरान बैठक में पत्रकार सरूफ खान, नसीम अहमद सानी, अनिल चौधरी, जितेन्द्र साहू, संतोष सिन्हा आदि उपस्थित थे।

